मुख्यमंत्री
लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना 2023

योजना के बारे में-

मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना 2023 का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कलाकारों को उनकी कला का सम्मान करते हुए उनके स्थानीय क्षेत्रों में 100 दिवस का कला प्रदर्शन अवसर प्रदान करना हैं | कलाकारों की आजीविका के आधार को मजबूत कर उनका सामाजिक समावेश सुनिश्चित किये जाने के साथ ही इस योजना के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर तक कला प्रदर्शन अवसर प्रदान कर, कलाकारों को सम्बल प्रदान किया जाना हैं |

लोक कलाकार की परिभाषा-

गायन, वादन, नृत्य एवं अभिनय / नाटक करने वाला राजस्थान का मूल निवासी कलाकार जो स्थानीय/देशज कला में निपुण हो, इस योजनान्तर्गत लोक कलाकार माना जाएगा | इसके अतिरिक्त राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा पात्रता / योग्यतानुसार, जिसे लोक कलाकार की मान्यता प्रदान करें, वह लोक कलाकार माना जाएगा |

योजना के लिए कैसे आवेदान करें-

कोई भी इच्छुक लोक कलाकार स्थानीय ग्राम पंचायत अथवा वार्ड में ई-मित्र के माध्यम से निर्धारित आवेदन पत्र में लोक कलाकार कार्ड के लिए आवेदन कर सकता हैं |

राजस्थान सरकार

मुख्यमंत्री

लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना



लोक कलाकारों ने सजाया था एक सपना
जननायक ने देकर सम्मान बनाया अपना।

- माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी द्वारा कलाकारों की कला को सम्मान एवं उन्हें आर्थिक सबल देने के लिए मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना शुरु की गई है।
- इस योजना के अंतर्गत कलाकारों को वाद्य यंत्र खरीदने के लिए 5 हजार रुपए देने का प्रावधान किया गया है।
- इस योजना के तहत लोक कलाकारों को प्रतिवर्ष 100 दिन विभिन्न राजकीय कार्यक्रमों में कला प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।
- 3000 लोक कलाकारों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 5-5 हजार रुपए हस्तांतरित किए जा चुके है।

मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना- 2023 का हुआ शुभारंभ

लोक कलाकारों को मिलेगा 100 दिवस का कला प्रदर्शन का अवसर

योजना में कलाकारों को वाद्य यंत्र खरीदने के लिए 5000 रुपए देने का प्रावधान किया गया है।

राजकीय कार्यक्रम, उत्सवों, मेलों, त्योहारों, समारोह, स्कूल-कॉलेज आदि में कला प्रदर्शन के लिए इन कलाकारों को अवसर दिए जाएंगे।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

मुख्यमंत्री

लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2023

- लोक कलाकारों के **रोजगार** हेतु **100 करोड़ रु.** का प्रावधान।
- लोक कला से सम्बंधित **यंत्र-उपकरण** खरीदने हेतु **5000 रु.** की मिल सकेगी सहायता।
- लोक कलाकारों को **प्रति परिवार 100 दिवस प्रतिवर्ष** प्रदर्शन के अवसर होंगे उपलब्ध।

- ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर **ई-मित्र के जरिए** करें ऑनलाइन आवेदन।
- **राजकीय उत्सवों**, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं **शिक्षण संस्थाओं** में कर सकेंगे प्रदर्शन।
- गायन, वादन, नृत्य, अभिनय / नाटक के **कलाकार एवं दल** तथा स्थानीय / देशज कला से जुड़े **कलाकार होंगे पात्र** ।
- **लोक वाद्य यंत्र के लिए** राजस्थान संगीत नाटक अकादमी को आवेदन करें।

कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान

राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर